घरेलू उत्पादों के भारतीय बाजार में यू.पी. के उभरते हुए अवसर

लखनऊ (एजेंसी)। राज्य की राजधानी होने के साथ.साथ लखनऊ अपने विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम के साथ एक मिनी मेट्रो बनकर उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बन रहा है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे ज्यादा आबादी वाला प्रदेश हैं शहर की सुशिक्षित एवं उच्चाकंक्षित युवाओं की बढ़ती जनसंख्या के साथ यहॉं की जीवनशैली बदल रही है। इस कारण से यहॉं पर घरेलू उत्पादो की मांग लगातार बढ़ रही है। लखनऊ भारत में उभरते रिटेल मार्केट में से एक है। एच जी एच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रुंगटा ने लखनऊ एवं यूपी के उपलब्ध अवसरों की समीक्षा की। भारत के सबसे बड़े एवं प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र, जिन्होनें अपने अनोखे उत्पादों से विश्व के होंम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उत्तर प्रदेश में स्थित है। लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी, फिरोजाबाद की के कॉच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे कानपुर के चमड़े के उत्पाद, तथा आगरा का संगमरमर के सामान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। हालांकि यूपी के इन सभी हस्त कला केंद्रों ने विश्व में अपना स्थान बनाया हैं, वह अपने ही देश के तेजी से उभरते अवसरों की सुनियोजित ढंग से उपयोग नहीं कर सके। भारत 25 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ता हुआ घरेलू उत्पादों के लिए विश्व के सबसे बड़े बाजारों में से एक हएै"दुनिया भर के सभी बड़े ब्रांड और उत्पादक आज भारत को अपने सबसे बड़े तीन महत्वपूर्ण बाजारों में से एक मानते हैं, फिर भारतीय निर्यातक इन अवसरों का लाभ लेकर भारत में अपने ब्रांड क्यों नहीं स्थापित कर सकते उत्तर प्रदेश को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के पास भारत के घरेलू उत्पादों के बाजार में दौहरे अवसर हैं। एक तरफ लखनऊ एवं कानपुर जैसे शहर इन उत्पादों के उपभोक्ता एवं रिटेल केंद्र बन सकते हैं, तो दूसरी ओर यूपी के हस्त कला केंद्र भारत भर के बड़े आपूर्तिकर्ता बन सकते हैं। ऐनाराक भारत की प्रसिद्ध रियल एस्टेट कंसल्टेंट द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ देश में रिटेलिंग के क्षेत्र के लिए अति तिव्रता से उबरते टियर 2 एवं टियर 3 के 11 शहरों में से एक है। पिछले दो.तीन वर्षों में कई रिटेल रीयल एस्टेट डेवलपर्स ने लखनऊ में काम शुरू किया है, जिनके प्रोजेक्ट 2019 में शुरू होने की आशा है। बदलती जीवन शैली, बढ़ती आमदनी एवं जीवन में बढ़ते हुए घर के महत्तव के चलते लखनऊ घरेलू उत्पादों के लिए बड़ा बाजार बन कर उभरेगा। संवाददाताओं के साथ बातचीत में श्री रूँगटा ने कहा कि देश की 10 करोड़ मध्यमवर्गीय आबादी टियर 2 शहरों में रहती है। इसलिए ये शहर बड़े रिटेलर्स के लिए महत्तवपूर्ण लक्ष्य बन गए हैं। घरेलू सामान केवल बड़े शहरों में नहीं बल्कि लखनऊ जैसे उभरते शहरों में भी उपभोक्ताओं के आकर्षण का केंद्र बन रहें हैं। उत्तर प्रदेश खासकर लखनऊ के रिटेलर्स एवं होल सेल इन क्षेत्रों की विश्व स्तरीय एवं नवीनतम उत्पादों की बढ़ती मांग कों पूरा करने के लिए एचजीएच इंडिया से अपनी व्यावसायिक खरीदारी कर सकते हैं। हम उत्तर प्रदेश के सर्वोत्तम उत्पादों को देशभर के रिटेलर्स एवं होलसेर्ल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राष्ट्रीय स्वरूप – लखनऊ – 7 मार्च 2019